(5) 3

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
(अभियन्त्रण अनुभाग)
104, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ

संख्या 2187 / ए0वी0 / 923(बी). दिनांक 23.6.2014

कार्यालय आदेश

अधीक्षण अभियन्ता, वृन्दावन वृत्त, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव का मा0 अध्यक्ष (म0) द्वारा इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया है कि परिषद की आगामी बोर्ड बैठक में कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय। तदनुसार एतद्द्वारा निम्नानुसार प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जाती है:–

क0सं0	परियोजना आई0डी0नं0	योजना/परियोजना का नाम	परियो0 की लागत (रू0 लाख में)	लेखा शीर्षक एवं वित्त सं0
1–	014156	गोकुल ग्राम योजना सं0–1, मुन्नूखेड़ा लखनऊ में प्रस्तावित 672 नग अल्प आय वर्ग (जी+3) भवनों का निर्माण कार्य।	4323.20	27/18

1– उक्त कार्य मुख्य अभियन्ता द्वारा निर्धारित विशिष्टियों के अनुसार कराया जायेगा।

2– कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जाय।

3– प्रशासनिक स्वीकृति से लेकर मूल्यांकन, सम्पत्ति आवंटन एवं भौतिक कब्जा हस्तान्तरण की स्थिति तक उक्त प्रोजेक्ट आई0डी0 नम्बर के साथ ही संदर्भित किये जायेंगे।

4– उक्त कार्य प्रशा0 एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त 18 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य प्रस्तावित है।

5– विस्तृत प्राक्कलन में ली गयी दरों को आधार न माना जाय। प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करते हुए कार्य कराया जाय।

6– निविदा आदि की कार्यवाही के उपरान्त वास्तविक लागत के अनुसार व्यय की अनुमति अलग से प्राप्त करनी होगी।

7– प्रस्तावित भवनों की फाउण्डेशन एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन तकनीकी स्वीकृति के पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमोदित करा लिया जाय।

8– आवास आयुक्त (म0) के निर्देशान्तर्गत उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में उच्चतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाय। कार्य की गुणवत्ता की चेकिंग सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवश्य ही सुनिश्चित की जाय।

9– प्रस्तावित कार्य की वित्त पोषण का स्रोत परिषद फण्ड है।

(एस0के0रायतानी)
अधीक्षण अभियन्ता (प्रो0)

पृ0सं0: 2187 / उक्त / 923(बी) दिनांक: 23.6.2014

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, आवास आयुक्त/अपर आवास आयुक्त एवं सचिव/मुख्य अभियन्ता, उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. मुख्य वास्तुविद नियोजक, उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद, इन्दिरा नगर लखनऊ।
3. वित्त नियन्त्रक/वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ
4. अधीक्षण अभियन्ता (प्रोजेक्ट)/वृन्दावन वृत्त, उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
5. अधिशासी अभियन्ता(मु0)/निर्माण खण्ड–12, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
6. मूल्यांकन/सम्परीक्षण अधिकारी, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
7. वरिष्ठ स्टाफ आफिसर, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल हेतु।

23.6.14
अधीक्षण अभियन्ता (प्रो0)